


# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

**हर खबर सच के साथ**

अलीगढ़,बुधवार,10,सितम्बर,2025 Follow us on:/ PLANET NEWS planetnewsindia776@gmail.com


## लपटों में लोकतंत्र: ओली व कई मंत्रियों के इस्तीफे, राष्ट्रपति-पीएम के घर फूंके, नेपाल में अब तक क्या-क्या हुआ?



नेपाल में जेन-जी (Gen Z) के सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन के बीच मंगलवार को सरकार का तख्तापलट हो गया और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, कृषि मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के इस्तीफे से देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। नेपाल में सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, कई मंत्रियों व शीर्ष नेताओं के सरकारी व निजी आवासों पर हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट को भी आग के हवाले कर दिया। कई बैंकों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर गोली चलाने का आदेश देने वाले डीएसपी की भी पीट-पीट कर हत्या कर दी। पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा, उनकी पत्नी व



**विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को घर में घुसकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनल की पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार को घर के अंदर बंदकर जिंदा जला दिया गया।** वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को भी घर के सामने सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी पौडेल को लातें मारते नजर आ रहे हैं। तनावपूर्ण स्थिति में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को बंद कर दिया गया है। सेना ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिगदेल ने आंदोलनकारियों से संयम बरतने और वार्ता के लिए आगे आने की अपील की है। **पार्टियों के दफ्तर-जेल पर हमला, कैदी भागे** आंदोलनकारियों ने नेताओं के घरों के साथ ही नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल समेत कई राजनीतिक दलों के दफ्तरों में भी आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों ने नेताओं व उनके परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की कोशिश की। धनगढ़ी में प्रदर्शनकारियों ने जेल का फाटक तोड़ दिया, जिसके बाद सैकड़ों कैदी जेल से फरार हो गए। काठमांडो में जगह-जगह सड़कों पर टायर जलाकर रास्ता रोका गया। पार्टियों के दफ्तर-जेल पर हमला, कैदी भागे **हिंसा तेज होने की आशंका अब तक 25 लोगों की मौत; कांतिपुर टीवी की इमारत भी आग के हवाले**

## दिल्ली से रांची तक रेड

### देश में 12 जगहों पर छापेमारी, रांची से ISIS के संदिग्ध आतंकी समेत आठ दहशतगर्द गिरफ्तार




**दिल्ली पुलिस** स्पेशल सेल ने झारखंड एटीएस और रांची पुलिस के संयुक्त अभियान में रांची के इस्लामनगर इलाके से एक आईएसआईएस संदिग्ध आतंकवादी अजहर दानिश को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज था, जिसके आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के मुताबित, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त छापेमारी में एक और संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किया गया। 12 जगहों पर छापेमारी चल रही है। लगभग 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन आईएसआईएस के बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली से आतंकी आफताब गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आतंकी आफताब मुंबई का रहने वाला है। तो वहीं रांची से एक संदिग्ध दानिश उर्फ अजहर डिटेन किया गया। कई और जगहों पर अभी छापेमारी चल रही है। ये सभी बड़े आतंकी हमले की प्लानिंग कर रहे थे। देशभर में 12 से ज्यादा जगहों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की छापेमारी जारी है।

## आगरा में यमुना का कहर: ताज व्यू प्वाइंट डूबा,

### अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं बची जगह...सड़क पर जलीं चिताएं

आगरा किले की खाई और एत्माउद्दौला के 12 कमरों में बाढ़ का पानी भर गया है। **यमुना ताजमहल की दीवार को छूकर बह रही है। वहीं यमुना किनारे के हजारों लोगों ने दहशत में घर छोड़ दिए हैं।** यमुना में आई बाढ़ से नदी किनारे खड़े संरक्षित स्मारकों को क्षति की आशंका है। मंगलवार को महताब बाग और ताज व्यू प्वाइंट पानी में डूब गए। दोनों जगह पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। इसके अलावा एत्माउद्दौला स्मारक के यमुना की तरफ बने 12 कमरों और आगरा किले की खाई में पानी भर गया है। **ताजमहल पश्चिमी गेट की पार्किंग का रास्ता जलमग्न हो गया है। शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियां डूबी हैं।** हजारों लोग राहत शिविरों और अपने परिचितों के घर शरण ले रहे हैं। बाढ़ के कारण यमुना ताजमहल की



दीवार को छूकर बह रही है। ताज के पिछले हिस्से में बना गार्डन डूब चुका है। दहशरा घाट पर पर्यटकों का प्रवेश बंद है। रास्ते में पानी भरा है। **ताजमहल की खान-ए-आलम नर्सरी में भी बाढ़ का पानी भर गया है।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को स्मारकों में बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे के लिए यमुना का जलस्तर घटने का इंतजार है। उधर, ताजमहल आने वाले पर्यटकों की संख्या भी मंगलवार को घट गई। **बाढ़ का पानी यमुना किनारा रोड पर भरा है।**

## उपराष्ट्रपति के तौर पर क्या होंगी राधाकृष्णन की शक्तियां: कौन सी जिम्मेदारियां संभालेंगे, सुविधाएं-वेतन कितना?




सीपी राधाकृष्णन भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में विजेता बनकर उभरे हैं। उन्होंने मंगलवार (9 सितंबर) को हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराया। जहां राधाकृष्णन को 452 प्रथम वरीयता के वोट मिले तो वहीं रेड्डी 300 वोट हासिल कर पाए। इसी के साथ राधाकृष्णन अब जल्द भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ के जुलाई में इस्तीफा देने के बाद से ही उपराष्ट्रपति का पद खाली है। भारत के उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष की अवधि का होता है। लेकिन वह इस अवधि के समाप्त हो जाने पर भी अपने उत्तराधिकारी के पद ग्रहण करने तक, पद पर बने रह सकते हैं। संविधान में इसका जिक्र नहीं है कि भारत के उपराष्ट्रपति का कार्यकाल समाप्त होने से पहले जब उनका




पद किसी कारण (मृत्यु-इस्तीफे) से खाली हो जाता है या जब उपराष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हैं, तब उपराष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन कौन करता है।




| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सीपी राधाकृष्णन | भाजपा | 452 | 60.10 |
| बी. सुदर्शन रेड्डी | कांग्रेस | 300 | 39.90 |

## Microsoft Work Policy: ऑफिस में तीन दिन काम अनिवार्य करेगी माइक्रोसॉफ्ट, 2026 से बदलेगी नीति; भारत पर भी असर

माइक्रोसॉफ्ट ने मंगलवार को घोषणा की कि अगले साल से उसके कर्मचारियों को सप्ताह में तीन दिन ऑफिस में काम करना अनिवार्य होगा। यह नई नीति कंपनी के मुख्यालय, रेडमंड, वॉशिंगटन से शुरू होकर क्रमशः अन्य अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कार्यालयों में लागू होगी। कंपनी की चीफ पीपल ऑफिसर एमी कोलमैन ने अपनी पोस्ट में बताया कि नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में मुख्यालय के आस-पास रहने वाले कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद अन्य अमेरिकी कार्यालय और अंततः अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी इस नीति के तहत आएंगे। कोविड-19 महामारी के दौरान सुरक्षा




कारणों से कंपनियों ने वर्क-फ्रॉम-होम को अपनाया था। पोस्ट में कहा गया कि रेडमंड मुख्यालय के 50 मील के भीतर रहने वाले कर्मचारियों को फरवरी 2026 तक सप्ताह में तीन दिन ऑफिस में काम करना होगा। अन्य अमेरिकी कार्यालयों के लिए समयसीमा और विवरण जल्द घोषित किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के बाहर के कर्मचारियों के लिए योजना अगले साल शुरू होगी।

# Aaj Ka Rashifal 10 September

## इन पांच राशि वालों को तरक्की और लाभ मिलने के प्रबल योग,

10 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 10 सितंबर 2025 का राशिफल।आज का दिन ज्योतिष के लिहाज़ से बेहद खास है। चंद्रमा का गोचर मीन से निकलकर मेष राशि में हो रहा है,




### मेष

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका व्यापार पहले से बेहतर चलेगा। आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई पार्टनरशिप न करें, तो उसमें आप पूरा ध्यान दें और आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने की संभावना है। आप लोगों की आवभगत में लगे नजर आएंगे। आपके पिताजी की सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा, जिससे आपको टेंशन होगी।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर दुविधा बनी रहेगी। आज आपको बेवजह का भय सताएगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और आपको कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आज वह पूरी हो सकती है। आप ज्यादा पानी वाली जगह जाने से बचें। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल होगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से मेल मुलाकात करने जा सकते हैं। आपको किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर ले जाने से बचना होगा। आपने यदि किसी काम को लेकर कोई लापरवाही दिखायी, तो वह आपके लिए कोई बड़ी समस्या बन सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### कर्क

आज आपको शासन-सत्ता का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो प्रयास करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके काम में यदि कुछ विघ्न आ रहे थे, तो वह दूर होंगे। आप अपने काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी दूर रहे परिजन से आपको निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानने की कोशिश करें, क्योंकि उन्हें आपकी तरक्की से ईर्ष्या होगी। आप किसी बैंक से यदि कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो उसके लिए आप अप्लाई कर सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप किसी से मांगकर वाहन न चलाएं और आपको किसी पुराने लेनदेन से आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपनी शौक मजबूत की चीजों पर भी अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे, लेकिन आप अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं बाहर घूमने फिराने के लेकर जा सकते हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। प्रेम में सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ खाने पीने की चीजे लेकर आ सकते हैं, लेकिन आप अपनी माताजी के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को लेकर भी सतर्क रहें, क्योंकि उनमें लापरवाही करने से वह आपसे नाराज हो सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों में सुधार लायेंगे। आपको अपने बिजनेस के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा। आप किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होंगे, जहां आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

### धनु

आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या थी, तो उसमें भी सुधार आएगा। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा। आप कार्यक्षेत्र में अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें, नहीं तो आपको झूठा साबित किया जा सकता है। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बनाएंगे, जिसमें आप माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाएं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छे रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में ढील बिल्कुल ना दें और संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। यदि आपने किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप उतारने में सफल रहेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। पार्टनरशिप यदि आप किसी काम को लेकर करें, तो उसमें पूरी लिखा पढ़ी करके चलें, क्योंकि बाद में आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। किसी नये घर आदि की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कोई निवेश थोड़ा समझदारी से करें। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी, क्योंकि उनका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का कोई साथी पसंद आ सकता है, जिससे उनकी वाणी से लोग आपको काफी खुश करने की कोशिश में कामयाब रहेंगे, लेकिन आपके कुछ विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचना होगा।

आज का दिन ज्योतिष के लिहाज़ से बेहद खास है। चंद्रमा का गोचर मीन से निकलकर मेष राशि में हो रहा है, और इसके साथ ही रेवती नक्षत्र और वृद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ये योग कुछ राशियों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो सकते हैं। गुरु और चंद्रमा के मिलन से बनने वाला शुभ योग, सूर्य और चंद्रमा के बीच नवम-पंचम संबंध, और वृद्धि योग — ये सभी आज के दिन को भाग्यशाली बना रहे हैं, खासकर वृषभ, मिथुन, सिंह, तुला और मकर राशि के जातकों के लिए। इस शुभ दिन का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जानिए कि आज का राशिफल क्या कहता है, कौन-सी दिशा से मिलेगा आपको लाभ, और क्या करें ताकि दिन और भी सफल हो।

# 47 साल बाद ऐसी तस्वीरें

## सड़कों पर सैलाब...100 कॉलोनियां डूबीं, 60 गांवों में बाढ़; ताजमहल तक पानी ही पानी



उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। 60 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। हजारों लोग घर छोड़ सुरक्षित स्थानों की ओर जा चुके हैं। ताजमहल तक पानी ही पानी नजर आ रहा है।आगरा में यमुना ने 47 साल बाद फिर विकराल रूप धारण कर लिया है। बाढ़ के कहर से शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियां डूब गई हैं। सड़कों पर चार-चार फीट पानी बह रहा है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं। कई कॉलोनियों में 24 घंटे से बिजली नहीं है। बाढ़ से 60 से अधिक गांव भी प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में विस्थापित किया जा रहा है। शहर में एक लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में है। वहीं बाढ़ प्रभावित बरौली अहीर के बाढ़ प्रभावित गांव मेहरा नाहरगंज में यमुना में नहाते समय डूबकर रवींद्र (20) की मौत हो गई। दो युवकों को लोगों ने बचा लिया।वॉटर वर्क्स पर यमुना जलस्तर सोमवार शाम सात बजे 501.1 फीट था, जो बाढ़ के निशान (499 फीट) से 2.1 फीट ऊपर था। आखिरी बार 1978 में जलस्तर 508 फीट तक पहुंचा था। सोमवार को यमुना की बाढ़ में एक तरफ आबादी व खेत-खलिहान डूब गए। दूसरी तरफ संरक्षित स्मारकों के लिए भी खतरा खड़ा हो गया है। ताज व्यू पॉइंट डूब गया। महताब बाग, ग्यारह सीढ़ी पार्क, एत्माउद्दौला और ताजमहल तक पानी ही पानी है। बल्केश्वर में बाढ़ प्रभावित रजवाड़ा क्षेत्र के लोगों को आईटीआई बल्केश्वर में विस्थापित किया है। एडीएम वित्त शुभांगी शुक्ला ने बताया कि प्रभावितों का भोजन उपलब्ध कराया है। इसके अलावा राजस्व टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में हालात का जायजा लिया।

# Diwali 2025

## अयोध्या दीपोत्सव में बनेगा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, 26 लाख से अधिक दीपों से जगमगाएगी रामनगरी

अयोध्या दीपोत्सव में इस बार नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। 26 लाख से अधिक दीपों से सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाट जगमगाएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।रामनगरी अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की शृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। रामनगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा।



पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। अयोध्या में 2017 से भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इसे बरकरार रखते हुए दीपोत्सव में भी सरयू नदी पर सबसे बड़े दीप जलाने व सबसे बड़े आरती समारोह का आयोजन होगा। इस वर्ष 26 लाख से अधिक दीयों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।उन्होंने बताया कि दीपोत्सव केवल अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव को ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर इसकी पहचान को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दीपोत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर इस बार 26 लाख से अधिक दीयों को जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।वहीं सरयू तट पर अब तक की सबसे बड़ी आरती का आयोजन भी होगा, जिसमें 1100 से अधिक धर्माचार्य, संत-महात्मा और नगरवासी शामिल होंगे। आयोजन से तीन दिन पहले से स्थल पर तैयारी शुरू होगी। गिनीज मानकों के अनुसार डिजाइन आदि से संबंधित समन्वय स्थापित किया

# Bigg Boss 19

## आखिर अमाल मलिक को क्यों नहीं हो रहा किसी पर भरोसा? सिंगर ने फरहाना-नेहल को लेकर कही ये बात



रियलिटी शो बिग बॉस 19 इन दिनों काफी मजेदार होता जा रहा है। प्रतिदिन कंटेस्टेंट्स के बीच बहस और मनमुटाव का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। अब शो के आगामी एपिसोड का नया प्रोमो लॉन्च हुआ है, जिसमें सिंगर अमाल मलिक और जीशान कादरी साथ में बात करते दिख रहे हैं। अमाल ने बताया कि उन्हें किसी पर विश्वास नहीं हो रहा है। जानिए क्या बोले गायक। बिग बॉस 19 शो के जारी हुए नए प्रोमो में अमाल मलिक और जीशान कादरी बात करते नजर आ रहे हैं। अमाल ने कहा, 'टीम में हमें अपने तीनों से ज्यादा किसी पर भरोसा नहीं हो रहा है। ये दोनों (नेहल और फरहाना) हम लोग को कभी भी निशाना बना लेंगी।' इसके जवाब में जीशान ने कहा कि ऐसा नहीं है। अमाल मलिक के इतना कहने पर जीशान कादरी ने कहा, 'नेहल से ज्यादा फरहाना स्टैंड लेगी।' इस पर सिंगर ने कहा, 'हां हो सकता है, क्योंकि वो दिखने लगा है।' इसके आगे ऐसा लगता है कि दोनों नेहल की बात करते हैं और कहते हैं कि वो हमेशा शिकायत करती रहती हैं। ये बताते हुए गायक अजीब तरह का मुंह बनाते हैं,

## दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन, खुद से तैयार किया केक; शेयर की तस्वीर



**Deepika Padukone Daughter Dua 1st Birthday:** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ एक साल की हो गई हैं, बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया।

**तैयार किया चॉकलेट केक**

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई। इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का





बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। **दीपिका ने कहा- ये मेरी प्रेम भाषा है** अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। डनेकर ने दिखाया प्यार इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

## 'सन ऑफ सरदार 2' में खुद को दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी,





बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा 'सन ऑफ सरदार' फिल्म का हिस्सा थीं, जिन्हें दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। हालांकि उन्हें 'सन ऑफ सरदार 2' में मेकर्स ने जगह नहीं दी। उनकी जगह फिल्म में मृणाल ठाकर ने मुख्य भूमिका निभाई। अब सोनाक्षी ने आखिरकार अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म के दूसरे भाग में अपनी अनुपस्थिति पर सफाई दी है। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है कारण। **क्या बोलीं सोनाक्षी सिन्हा?** सोनाक्षी सिन्हा ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में 'सन ऑफ सरदार 2' में हिस्सा ना होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जहां तक मैं देख सकती हूं कि सन ऑफ सरदार 2 फिल्म के लिए वे विदेश गए थे। इसलिए वही किरदार कहानी का हिस्सा नहीं हो सकता था। आप केवल इसके लिए अपमानित महसूस नहीं कर सकते। आपको व्यावहारिक होना होगा और प्रत्येक फिल्म को एक अलग प्रोजेक्ट के रूप में लेना होगा।' सन ऑफ सरदार 2' फिल्म में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकर मुख्य भूमिका में थीं। इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया गया था। वही इस कॉमेडी ड्रामा में रवि किशन, विंदू दारा सिंह और संजय मिश्रा जैसे कलाकार भी मौजूद थे।



## Jolly LLB 3: आ गया 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर, इस बार कोर्ट में मजा और बहस होगी तीन गुना



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अम्रता राव और संजय मिश्रा सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'जॉली एलएलबी 3' इस कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इससे पहले फिल्म के दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी जॉली बने थे, जो मेरठ से आता है। जबकि दूसरे पार्ट 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। यह जॉली कानपुर से आता है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट में दोनों ही जॉली पहली बार एकसाथ नजर आएंगे।




## रानी मुखर्जी से लेकर अजय देवगन तक, इन कलाकारों ने पर्दे पर निभाया पुलिस का दमदार किरदार





**Police Roles In Bollywood:** पर्दे पर कई कलाकारों ने पुलिस का किरदार निभाया है। इन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। आइए इन कलाकारों के बारे में जानते हैं। मनोज बाजपेयी फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' में इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बॉलीवुड ने कई मशहूर पुलिसवाले दिए हैं। इन लोगों ने अपने साहस से पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी है। आइए, फिल्मी दुनिया के बेहतरीन पुलिस किरदारों पर एक नजर डालते हैं। **साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई।** इस फिल्म में उनके पुलिस वाले रोल को खूब पसंद किया गया। इसके बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न' और 2024 में 'सिंघम अगेन' बनाई।



## Mirai: सुपरस्टार रजनीकांत ने की 'मिराय' के ट्रेलर की तारीफ, मांचू मनोज ने जताया आभार; साझा की तस्वीरें





तेजा सज्जा और मांचू मनोज की आगामी फिल्म 'मिराय' का ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। फिल्म लगातार चर्चाओं में भी बनी हुई है और ट्रेलर को मिली-जुली प्रतिक्रियी मिल रही है। अब सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म का ट्रेलर देखा है और इसकी सराहना की है। इस बात की जानकारी फिल्म में निगेटिव किरदार निभाने वाले मांचू मनोज ने दी है। मांचू मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार रजनीकांत अपने फोन में ' मिराय' का ट्रेलर देख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मांचू मनोज ने लिखा, 'ट्रेलर देखने और हमारी सराहना करने के लिए सुपरस्टार रजनीकांत का हार्दिक धन्यवाद। सिवाकार्तिकेयन आपकी अपार सफलता की कामना करता हूं। तमिल लोगों और मित्रों का हार्दिक आभार जिन्होंने हमारा हमेशा समर्थन किया हाल ही में 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें एक्शन और एडवेंचर दोनों ही देखने को मिले थे। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स के होने की उम्मीद है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# Gold Silver Price

## कमजोर मांग के बीच सोना-चांदी हुआ सस्ता; जानें क्या हैं सर्राफा बाजार में आज के भाव




वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप कारोबारियों की मुनाफावसूली से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई से 1,000 रुपये टूटकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी गुरुवार को 1,000 रुपये घटकर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी 500 रुपये गिरकर 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**बुधवार को सोने-चांदी ने तोड़ा रिकॉर्ड**

बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी, जो इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर था। पिछले सत्र में सफेद धातु 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ था।

**विदेशी बाजारों में गिरे सोने-चांदी के दाम** ऐतिहासिक ऊंचाई को छूने के बाद हाजिर सोने की कीमतों में भी गिरावट आई। कीमती धातु 39.61 डॉलर यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,539.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। बुधवार को न्यूयॉर्क में यह 3,578.80 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वहीं हाजिर चांदी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40.93 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू




अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# US-Japan Trade

## अमेरिका-जापान व्यापार समझौता लागू, ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए; बेसलाइन टैरिफ 15%

अमेरिका और जापान के बीच के रिश्ते में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका-जापान व्यापार समझौते को लागू करने वाला एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत जापान से आने वाले लगभग सभी सामानों पर अमेरिका में 15 प्रतिशत आधारभूत टैरिफ (कर) लागू किया जाएगा। साथ ही, जापान ने अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति दी है।



**अमेरिका-जापान के रिश्ते का नया दौर**

इस आदेश में बताया गया है कि यह समझौता अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों के नए दौर की शुरुआत करेगा, जो दोनों देशों के हितों और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। इसके तहत अमेरिका लगभग सभी जापानी आयातों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि कुछ खास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, विमान निर्माण, दवाइयां और प्राकृतिक संसाधनों पर अलग नियम लागू होंगे। बता दें कि इस समझौते के बाद जापान अमेरिका से वाणिज्यिक विमान और रक्षा उपकरण भी खरीदेगा। इसके अलावा, जापान अमेरिका को कृषि, ऊर्जा, वाहन और अन्य उद्योगों में बाजार खोलने का मौका देगा।

# Share Market Opening Bell

## घरेलू शेयर बाजार में हरियाली बरकरार; सेंसेक्स में उछाल जारी, निफ्टी 24700 के पार




जीएसटी दरों में कटौती के एलान और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 318.55 अंक चढ़कर 81,036.56 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 98.05 अंक बढ़कर 24,832.35 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। वहीं, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 106.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,233.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| M&M 3539.40 +1.70 % | ETERNAL 332.00 +1.68 % | TATAMOTORS 694.95 +1.08 % | MARUTI 14794.10 +0.94 % | TRENT 5575.50 +0.92 % | POWERGRID 284.30 +0.82 % |
| RELIANCE 1369.30 +0.74 % | BAJAJFINSV 2016.80 +0.73 % | ULTRACEMCO 12735.00 +0.64 % | ASIANPAINT 2583.75 +0.58 % | INFY 1469.50 +0.43 % | BAJFINANCE 938.45 +0.39 % |
| HCLTECH 1447.80 +0.32 % | AXISBANK 1053.45 +0.31 % | BHARTIARTL 1885.35 +0.27 % | KOTAKBANK 1953.90 +0.21 % | TECHM 1503.35 +0.16 % | BEL 373.10 +0.13 % |
| SUNPHARMA 1584.15 +0.11 % | ADANIPORTS 1329.80 +0.11 % | TATASTEEL 166.80 +0.03 % | TCS 3096.40 +0.02 % | SBIN 809.40 +0.01 % | TITAN 3684.05 -0.06 % |
| HDFCBANK 960.00 -0.12 % | LT 3587.00 -0.15 % | ICICIBANK 1402.00 -0.26 % | NTPC 328.95 -0.38 % | HINDUNILVR 2650.05 -0.64 % | ITC 406.95 -2.14 % |

## एनएसई के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर

Market Snapshot As on 05-Sep-2025 09:41 IST — View More

Gainers | Losers | Most Active(Value) | Most Active(Volume) | ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| SALSTEEL | 22.17 | 3.69 | 19.97 | 1.91 | 0.42 |
| SARVES-RE | 0.44 | 0.06 | 15.79 | 6.11 | 0.03 |
| DPWIRES | 281.88 | 33.35 | 13.42 | 3.12 | 8.59 |
| KROSS | 225.44 | 22.08 | 10.86 | 38.14 | 83.32 |
| PFOCUS | 158.37 | 14.39 | 9.99 | 25.80 | 40.38 |

### जीएसटी 2.0

इससे पहले बुधवार को जीएसटी परिषद की ओर से जटिल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन को मंजूरी दिए जाने के बाद से ही बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला। जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित करने को मंजूरी दे दी। इससे आम इस्तेमाल की चीजें जैसे रोटी, पराठा, हेयर ऑयल, आइसक्रीम और टीवी की कीमतें कम होंगी, जबकि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर का बोझ शून्य हो जाएगा।

### एशियाई और अमेरिकी बाजारों का हाल

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत गिरकर 66.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### बीते दिन का हाल


इससे पहले बीते दिन यानी गुरुवार को सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 फीसदी बढ़कर 80,718.01 पर और निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,734.30 पर बंद हुआ था।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# भारत के इस पूर्व कोच की नजर में दो खिलाड़ियों

अरुण का मानना है कि बुमराह को तीन हफ्तों में छह टी20 मुकाबले खेलने से कोई दिक्कत नहीं होगी और उन्हें आराम की आवश्यकता भी नहीं है।भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि आगामी एशिया कप में टीम इंडिया की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह कितनी जल्दी अपनी लय हासिल करते हैं और जसप्रीत बुमराह बिना आराम लिए कितने मैच खेलते हैं। अरुण ने कहा कि भले ही अर्शदीप ने इंग्लैंड में अभ्यास सत्रों में पर्याप्त गेंदबाजी की हो, लेकिन वह लंबे समय से प्रतिस्पर्धी मैचों में गेंदबाजी से दूर रहे हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में उत्तर क्षेत्र की ओर से दलीप ट्रॉफी का एक मैच खेला था।उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं। उन्होंने इंग्लैंड में बहुत गेंदबाजी की होगी, लेकिन मैच अभ्यास के मामले में वह थोड़े पीछे हैं। आप चाहे अभ्यास सत्र में कितनी भी गेंदबाजी करें, असली लय मैच से ही आती है। यह अर्शदीप के लिए बड़ी चुनौती है कि वह कितनी जल्दी अपनी लय पा सकें।'अरुण का मानना है कि बुमराह को तीन हफ्तों में छह टी 20 मुकाबले खेलने से कोई दिक्कत नहीं




होगी और उन्हें आराम की आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत को सभी मैचों में खेलते देखना चाहूंगा। लेकिन यह फैसला उनका है। मेरे हिसाब से इस टूर्नामेंट के फॉर्मेट को देखते हुए उन्हें किसी आराम की जरूरत नहीं है।'भरत अरुण ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने इस युवा पेसर की तारीफ की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें निरंतरता हासिल करनी होगी। अरुण ने कहा, 'हर्षित टी20 क्रिकेट में बहुत प्रभावशाली रहे हैं।

# GST स्लैब में बदलाव

## खेल सेक्टर पर बड़ा असर, आईपीएल टिकटों पर 40% टैक्स, यहां जानें पूरा मामला



भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा। **अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।** इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। **हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी।** दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा। यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा। वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा। यानी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त खेल टूर्नामेंटों के दर्शकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों को भी 40 प्रतिशत कर दायरे में लाने का फैसला किया है।

# CAFA Nations Cup: भारत को झटका, डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर





भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, 'डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।'

# Asia Cup 2025

## पिछले 10 संस्करण के भारत के हीरो, विराट के नाम सर्वाधिक रन; पठान ने झटके सबसे ज्यादा विकेट




एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने एशिया कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज होगा, जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी। भारत इस टूर्नामेंट का गत विजेता है और इस बार भी ट्रॉफी बरकरार रखने पर उसकी नजरें होंगी। ओवरऑल रिकॉर्ड पर नजर डालें तो,भारतीय टीम आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जबकि श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है। वहीं, पाकिस्तान ने दो खिताब जीते हैं। एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने।

## एशिया कप में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

(2000 से अब तक)



| साल | बल्लेबाज (रन) | गेंदबाज (विकेट) |
|---|---|---|
| 2000 | सौरव गांगुली (156) | अजीत आगरकर (5) |
| 2004 | सचिन तेंदुलकर (281) | इरफान पठान (14) |
| 2008 | सुरेश रैना (372) | आर.पी. सिंह (7) |
| 2010 | गौतम गंभीर (203) | आशीष नेहरा, जहीर खान, प्रवीण कुमार (6) |
| 2012 | विराट कोहली (357) | रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान, प्रवीण कुमार (5) |
| 2014 | शिखर धवन (192) | रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी (9) |
| 2016 | विराट कोहली (153) | हार्दिक पांड्या (7) |
| 2018 | शिखर धवन (342) | कुलदीप यादव (10) |
| 2022 | विराट कोहली (276) | भुवनेश्वर कुमार (11) |
| 2023 | शुभमन गिल (302) | मोहम्मद सिराज (10) |
| 2025 | ? | ? |

# Pro Kabaddi League

## पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।